प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.10 मंगलवार दिनांक 01.09.2026

मुख्य समाचारः—

- उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल छत्तीसगढ़ के एकदिवसीय प्रवास पर — रायपुर स्थित एम्स के तीसरे दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल।
- प्रधानमंत्री ने भारत की सात दशमलव आठ प्रतिशत जीडीपी वृद्धि को देशवासियों की मेहनत और सामूहिक संकल्प का परिणाम बताया।
- छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में कथित भर्ती घोटाले के सिलसिले में ईडी ने आज प्रदेश के कई स्थानों पर मारा छापा।
- कवर्धा पुलिस ने एक वाहन से लगभग दो करोड़ तेईस लाख रूपये का गांजा बरामद किया।

<u>उपराष्ट्रपति—छत्तीसगढ़</u>

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कल दो सितंबर को छत्तीसगढ़ के एकदिवसीय प्रवास पर रायपुर आएंगे। वे रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान—एम्स के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर, सुपर—स्पेशियलिटी, पीएचडी और अलाइड हेल्थ साइंसेज प्रोग्राम के स्नातक करने वाले विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

<u>जीडीपी—वृद्धि</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वित्त वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस की पहली तिमाही में भारत की सात दषमलव आठ प्रतिषत की उत्साहजनक जीडीपी वृद्धि को बड़ी उपलब्धि बताया है। सोषल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि तेल की कीमतों में उतार–चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और वैश्विक अनिष्चितताओं के बावजूद यह उपलब्धि देष के लोगों की सामूहिक शक्ति और दृढ़ता को दर्षाती है।

इस बीच, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि दुनियाभर में अनिष्चितताओं के बावजूद भारत की जीडीपी वृद्धि देष की मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्षाती है।

ईडी–छापा

प्रवर्तन निदेषालय–ईडी की टीम ने आज छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में कथित भर्ती घोटाले के सिलसिले में कई स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। टीम आज सुबह भिलाई के विश्व बैंक कॉलोनी स्थित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निज सचिव के.के. चंद्रवंशी के आवास पर जांच के लिए पहुंची। टीम ने संबंधित दस्तावेजों और अन्य सामग्रियों की जांच की।

दुर्ग में ही ईडी ने छत्तीसगढ़ पटवारी संघ के पूर्व अध्यक्ष कमलेश सिंह राजपूत के सिकोला स्थित निवास में छापा मारा।

वहीं, ईडी ने बलरामपुर जिले के अपर कलेक्टर चेतन बोरघरिया से भी पूछताछ की है। हालांकि पूछताछ के संबंध में ईडी की ओर से आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। चेतन बोरघरिया पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

मुख्यमंत्री–दिल्ली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय षिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। आज शाम दिल्ली रवाना होने से पहले उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में इस सम्मेलन में केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ प्रतिनिधि देष में जल सुरक्षा को मजबूत बनाने पर विचार–विमर्ष करेंगे।

## हाईकोर्ट–मुख्य न्यायाधीश सिफारिश

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अगले मुख्य न्यायाधीश के लिए ओडिशा हाईकोर्ट के जज न्यायमूर्ति कृष्णा राम मोहपात्रा के नाम की सिफारिश की है। वहीं, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल को राजस्थान हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने की अनुशंसा की गई है। बीते छह अगस्त को हुई सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह सिफारिश वर्तमान मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के चार सितंबर को सेवानिवृत्त होने के बाद की जाने वाली नियुक्ति के संबंध में है।

## यूसीसी–परिचर्चा

समान नागरिक संहिता–यूसीसी पर आज रायपुर में आयोजित परिचर्चा में सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष और प्रतिनिधि, राज्य महिला आयोग और राज्य फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष शामिल हुईं। बैठक में प्रतिनिधियों ने समिति के सदस्य सेवानिवृत्त आईएएस एम.के. राउत, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन पवार, ज्योति रानी सिंह और श्याम धावड़े के समक्ष विवाह, तलाक, भरण–पोषण और उत्तराधिकार जैसे संवेदनशील विषयों पर अपने सुझाव रखे। सदस्यों ने आश्वस्त किया कि राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक ताने–बाने का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

राज्यपाल–कुलसचिव बैठक

राज्यपाल रमेन डेका ने आज प्रदेश के विभिन्न शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों की बैठक ली। उन्होंने विश्वविद्यालयों में सीटों के अनुपात में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली और इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों को जल्द भरने को कहा। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया में नियमानुसार स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

बैठक में राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों की नैक और एन.आई.आर.एफ. रैंकिंग की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालय अपनी रैंकिंग में सुधार के लिए रोडमैप तैयार करें।

एनएमआईएमएस कैंपस

देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थान नरसी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज यानी एन.एम.आई.एम.एस. का कैंपस नवा रायपुर अटल नगर में स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में आज संस्थान की स्थापना के लिए लीज अनुबंध और भूमि रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी की गई।

यह कैंपस नवा रायपुर के सेक्टर–अट्ठारह में करीब चालीस एकड़ भूमि पर विकसित होगा। इसके लिए श्री विले पार्ले केलवणी मंडल को यह भूमि नब्बे वर्ष की लीज पर दी गई है। संस्थान का पहला शैक्षणिक बैच दो से तीन वर्षों के भीतर शुरू करने का लक्ष्य है। पूर्ण रूप से विकसित होने पर यहां करीब दस हजार विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को अपने ही राज्य में गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना है। एनएमआईएमएस की स्थापना से प्रबंधन, कौशल विकास और आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी।

सीजीपीएससी–परिणाम

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सीजीपीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा – दो हजार पच्चीस की मुख्य लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। मुख्य परीक्षा में सफल छह सौ आठ अभ्यर्थियों का चयन अब साक्षात्कार के लिए किया गया है। यह भर्ती प्रक्रिया राज्य शासन के विभिन्न विभागों में दो सौ पैंसठ पदों पर नियुक्ति के लिए चल रही है। मुख्य परीक्षा का परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया है।

सीजीएसएसबी–परीक्षा कैलेंडर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल–सीजीएसएसबी ने वर्ष दो हजार सत्ताईस का परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें विभिन्न विभागों में भर्ती परीक्षाओं के साथ प्रवेश परीक्षाओं, शिक्षक पात्रता परीक्षा–टेट और राज्य पात्रता परीक्षा–सेट की तिथियां भी घोषित की गई हैं। यूपीएससी की तर्ज पर कर्मचारी चयन मंडल ने वार्षिक कैलेंडर जारी करने की व्यवस्था शुरू की है। जारी परीक्षा कैलेंडर के अनुसार दो मई को पीपीटी और प्री–बीएड, नौ मई को पीईटी और प्री–एमएससी नर्सिंग, तेईस मई को पीपीएचटी और प्री–पोस्ट बेसिक नर्सिंग, तीस मई को प्री–डीएलएड, छह जून को प्री–एमसीए और प्री–बीएससी नर्सिंग, तेरह जून को पीएटी–पीवीपीटी, छब्बीस सितंबर को टीईटी और तीन अक्टूबर को सेट की परीक्षा होगी। इसके अलावा इस दौरान अन्य समूहों और उप समहों की परीक्षाएं भी होंगी।

कर्मचारी चयन मंडल ने उन्नीस सितंबर, अट्ठाईस नवंबर और उन्नीस दिसंबर दो हजार सत्ताईस की तिथि को आकस्मिक परीक्षाओं के लिए आरक्षित रखा है। मंडल ने परीक्षा कैलेंडर अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

गांजा–बरामद

कबीरधाम जिले की चिल्फी पुलिस ने बोडला के पास एक वाहन से करीब साढ़े चार क्विंटल गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग दो करोड़ तेईस लाख रूपये से अधिक बताई गई है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव ने कार्रवाई करने वाले पुलिसकर्मियों को पच्चीस हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया।

वहीं, जशपुर पुलिस ने भी साठ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी चारपहिया वाहन की डिक्की में प्लास्टिक टेप से लिपटे हुए साठ पैकेट में गांजा लेकर ओडिशा से उत्तरप्रदेश जा रहा था।

वन मंत्री–प्रेसवार्ता

वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि राज्य सरकार पर्यावरण संसाधनों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आज नवा रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री कश्यप ने अपने विभाग के कार्यों की जानकारी दी। एक सवाल के जवाब में वन मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वन्यजीवों की तस्करी में अन्य राज्यों और अंतर्राष्ट्रीय गिरोह की संलिप्तता हो सकती है, इसलिए राज्य सरकार, इसकी जांच सीबीआई से कराने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजेगी। उन्होंने बताया कि राज्य में इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा

दो सौ चालीस प्राकृतिक पर्यटन केंद्र स्थापित किए गए हैं। वन मंत्री ने बताया कि वर्ष दो हजार बाईस में राज्य में बाघों की संख्या अट्ठारह थी, जो बढ़कर पैंतीस हो गई है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

- राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर स्थित संत गोबिंदराम शदाणी शासकीय कला और वाणिज्य कन्या महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं के दीक्षारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान किया।

- आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में दंतेवाड़ा के तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष गंजीर को विशेष न्यायालय ने दोषी करार दिया है। कोर्ट ने उन्हें चार वर्ष के सश्रम कारावास और दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।
- संतान की लंबी आयु की कामना से जुड़ा हलषष्ठी का पर्व कल प्रदेशभर में परंपरा के अनुसार मनाया जाएगा।

- रायपुर–बलौदाबाजार मार्ग पर आज सुबह हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं।

<><><><><>